3

न्यायालय नायब तहसीलदार, तलावड़ा

मु.नं. 53 तारीख रजू 15-1-19 तारीख निर्णय 31-1-19

आज पत्रावली व मुकाम तलवाड़ा पेश हुई गैर सायल उपस्थित है/नहीं है

रिपोर्ट पटवारी ग्राम कुनअटाकाला प्राप्त होने पर यह है कि गैर सायल

श्री अमरसिंह पुत्र श्री रामा-धरजी जाति भाभी

निवासी कुनअटाकाला द्वारा आराजी खसरा नं. 101 रकवा 0.10

किस्म जमीन चारागाह मौजा कुनअटाकाला पर सम्वत् 2075

में अतिक्रमण का काश्त कब्जा कर लिया है। गैर सायल को नियमानुसार धारा **91** भू-राजस्व अधिनियम सन् **1956** संशोधित दिनांक **2/10/1975** के तहत नोटिस जारी बाद तामील शामिल किया गया। अतिक्रमी बाबजूद तामील के भी हाजिर नहीं हैं। उनके खिलाफ एकतरफा कार्यवाही अमल में लायी जाती है । अतिक्रमी हाजिर है उसने कोई जबाब व सबूत पेश नहीं किया है अतिक्रमी ने उक्त सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा काश्त किया है उसको अतिक्रमी करार दिया जाता है।

अतः गैर सायल श्री अमरसिंह की आरजी खसरा न० 101

रकवा 0.10 मौजा कुनअटाकाला से बेदखल किया जाता है लगान

दर 8.50 से उक्त रकवा के लगान 0.85 का 50

गुना से शास्ति 43 कायम की जाती है। बेदखली हेतु पटवारी को

लिखा जावे तथा आई.एल.आर. को आदेश जारी हो कि उक्त रकवे की खड़ी फसल को जब्त करे नीलामी कार्यवाही करें एवं फर्द नीलामी वास्ते स्वीकृति पेश करें तथा राजस्व लेखाकार व पटवारी को जमा कायमी कराई जावे। पत्रावली बाद तकमील जाब्ता दाखिल दफ्तर ही निर्णय सरे इजलास सुनाया गया।

रजिस्टर 'ग' के पृष्ठ सं. 22
जमा राशि 43
दि. 1-2-19 को कायम किया
तहसील राजस्व लेखाकार

नायब तहसीलदार
तहसील तलावड़ा